https://universitynews.in/

Total No. of Pages: 04 [Total No. of Questions: 09]

3387

# B.A. (Part - I) Examination - 2022

(For Non-Collegiate Candidates with names beginning from A to M)

(Compulsory Paper)

## GENERAL HINDI

## (सामान्य हिन्दी)

*Duration of Examination: 1½ Hrs.* *Max. Marks: 50*

*परीक्षा की अवधि: 1½ घण्टा* *पूर्णांक: 50*

***Instructions to the Candidates:***

***परीक्षार्थी के लिए निर्देश:-***

परीक्षार्थीगण सम्पूर्ण प्रश्नपत्रों में से 50 प्रतिशत अंक के प्रश्नों के उत्तर देवें। परीक्षार्थी द्वारा किन्हीं कारणों से 50 प्रतिशत अंकों से ज्यादा उत्तर देने की स्थिति में परीक्षक द्वारा उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन 50 प्रतिशत अंकों से ही किया जायेगा।

1. निम्नलिखित अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए –

ग्रामवासी आपस में मुकदमेबाजी के द्वारा स्वयं को बर्बाद कर रहे हैं, यह देखते हुए भी वकील वर्ग उन्हें समझाता नहीं कि वे इस मुकदमेबाजी की बर्बादी से स्वयं को बचा लें। अपितु उनकी मुकदमेबाजी में ही वह अधिक रूचि लेता है। ग्रामीणों की दयनीय दशा जानते हुए भी वह उनसे अधिक मेहनताना वसूलने में संकोच नहीं करता। ग्रामवासी कर्जदार होते हुए भी हज़ारों वकीलों के सुखमय जीवन का बोझ ढोते आ रहे हैं। यह वकील वर्ग 1828 से गरीब ग्रामीण आबादी का शोषण करता आ रहा है। इस गंभीर समस्या की ओर हमारे नेतृत्व ने अपनी आँखें मूंद रखी हैं। यदि यह स्थिति ऐसी ही बनी रही तो सरकारों द्वारा बनाई गई ग्राम विकास की योजनाएँ क्या कभी देश की सत्तर प्रतिशत से अधिक ग्रामीण आबादी को खुशहाल बना पाएँगी ? (10)

अथवा

विचार करें, ऊपर जाने में और नीचे जाने में धूल का क्या प्रयत्न है ? धूल तो अपनी जगह स्थिर है। जब तेज हवा आती है, तब उसके सुसंग से वह आकाश में पहुँच जाती है और जब ढलान की ओर बहते हुए पानी का कुसंग प्राप्त होता है तो वही धूल जाकर कीचड़ में मिल जाती है। उन्नति और अवनति में केवल संग का प्रभाव ही परिलक्षित होता है। समझदारी इसी बात में है कि निरंतर सुसंग प्राप्ति का ही प्रयत्न होता रहे। कुसंग से कोसों दूर रहना चाहिए। जाने अनजाने की सुसंग-कुसंग का प्रभाव होता ही है। हमें ऐसे लोगों से दूर रहना चाहिए जो विघटन की बात करते हैं। जो लोग संगठन की, एकता की, प्रेम की बात पर बल देते हैं, हमको उन लोगों के साथ ही रहने का प्रयास करना चाहिए। अगर हम चाहते हैं कि हमारे जीवन का इतिहास प्रशंसनीय हो तो हम निरंतर विवेकशील लोगों के संपर्क में रहें और चापलूसों के जाल में न फँसे। फिर हमें हमारी मंजिल सहज ही प्राप्त हो जाएगी।

2. 'पर्यावरण और सनातन-दृष्टि' निबंध में लेखक ने, जो विचार व्यक्त किए हैं, उन्हें अपने शब्दों में समझाइये। (15)

अथवा

'हरिशंकर परसाई ने 'ठिठुरता हुआ गणतंत्र निबंध में भारतीय राजनीति की विसंगतियों पर प्रहार किया है'' इस कथन को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।



https://universitynews.in/

https://universitynews.in/



3\. 'आवाज का नीलाम' एकांकी के आधार पर दिवाकर पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए। (15)

अथवा

तुलसी की दृष्टि में 'सुराज' की क्या विशेषताएँ है ? तुलसी के काव्य में 'कुराज और सुराज निबंध के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

4\. (अ) निम्नलिखित में से किन्हीं चार शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए- (4)

1\. उज्वल  2. अतिश्योक्ति  3. बधाईयाँ  4. श्रृंगार

5\. व्यवहारिक  6. शुद्धिकरण  7. प्रमाणिक  8. दुरावस्था

(ब) निम्नलिखित में से किन्हीं चार वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए- (4)

1. यह पंक्तियाँ चिंतामणि भाग-एक से ली गई है।
2. मुझे केवल दस रूपये मात्र मिले।
3. वे गुनगुने गर्म पानी से स्नान करते हैं।
4. मुझे यह कविता पढ़कर आनंद का आभास हुआ।
5. कश्मीर में अनेक दर्शनीय स्थल देखने योग्य है।
6. मैं गरम गाय का दूध पीना चाहता हूँ।
7. उसके माताजी आज मथुरा गए हैं।
8. महात्मा गांधी का देश सदा आभारी रहेगा।

(स) निम्नलिखित में से किन्हीं चार अंग्रेजी शब्दों के हिंदी समानार्थक शब्द लिखिए :- (4)

1. ABILITY
2. ANNEXURE
3. BRAND
4. CANDIDATE
5. DEPUTATION
6. SANCTION
7. REPLACE
8. PROJECT

(द) निम्नलिखित वाक्यांशों में से किन्हीं चार के सार्थक शब्द लिखिए- (4)

1. दूसरों के दोषों को खोजना-
2. पुरानी टूटी-फूटी चीज की मरम्मत-
3. जो नवीन बात जानने को हर समय उत्सुक हो-
4. जंगल में स्वत: लगने वाली आग-
5. दूर की बात सोचने वाला-
6. जो ईश्वर में विश्वास न रखता हो-
7. जो बहुत कम भोजन करता है-
8. दूसरों की भलाई करने वाला-



https://universitynews.in/

https://universitynews.in/



(य) निम्नलिखित में किन्हीं दो शब्द युग्मों का अर्थ-भेद स्पष्ट कीजिए- (4)

1. अवधि
   अवधी
2. प्रणय
   परिणय
3. तरणि
   तरणी
4. भित्ति
   भिति

5. (अ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों की संधि और किन्हीं दो शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए - (4)

1. यशः+धरा
2. वाक्+दान
3. अधि+ईक्षक
4. अति+उत्तम
5. तन्वंगी
6. जनादेश
7. जगन्नाथ
8. दुश्चरित्र

(ब) निम्नलिखित में से किन्हीं दो का सामासिक पद बनाइए एवं किन्हीं दो का समास-विग्रह कीजिए- (4)

1. लंबा है उदर जिसका वह-
2. चार मासों का समाहार
3. शिष्ट है जिसके आचार
4. मधु को एकत्र करने वाली मक्खी
5. छात्रावास
6. आपत्तिजनक
7. त्रिवेणी
8. गिरिधर

(स) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं चार के उपसर्ग या प्रत्यय हटाकर मूल शब्द कीजिए - (4)

1. अभ्युदय
2. उज्ज्वल
3. निरूपाय
4. न्याय
5. शारीरिक
6. भौगोलिक
7. पूर्णिमा
8. वात्सल्य

(द) निम्नलिखित में से किन्हीं दो मुहावरों / लोकोक्ति का अर्थ स्पष्ट कर उसका वाक्य में प्रयोग कीजिए- (4)

1. एक अनार सौ बीमार।
2. गेहूँ के साथ घुन भी पिसता है।
3. घोड़ें बेचकर सोना।
4. छटी का दूध याद आना।

(य) निम्नलिखित में से किन्हीं चार शब्दों के विलोम शब्द लिखिए- (4)

1. प्रेम
2. स्थूल
3. ऋजु



https://universitynews.in/

https://universitynews.in/



4. गृहस्थ
5. मूक
6. अवनी
7. सुधा
8. करुण

6. निम्नलिखित अवतरण का उपयुक्त शीर्षक लिखते हुए एक तिहाई (1/3) भाग में संक्षिप्तीकरण कीजिए- (4)

सांस्कृतिक पत्रकारिता के संदर्भ में जनसाधारण के बारे में दो दृष्टिकोण हो सकते हैं।। एक तो यह कि जन साधारण बुनियादी तौर पर विशिष्ट जन से कुछ नीचा होता है, इसलिए उसकी रूचि परिष्कृत नहीं हो सकती। वह हल्के-फुल्के लेखन, सनसनीखेज किस्से, भड़कीले चित्रों, रूढ़िग्रस्त धर्म या अपराधवृत्ति या सेक्स की ही ओर आकर्षित होता है। अतः यह मानकर चला जाए कि जो पत्र लोकप्रिय होना चाहें, उन्हें इसी सस्ती कुरूचि का आश्रय लेना होगा। अतः पत्रकारिता को दो वर्गों मे बांट दिया जाए, सुरूचिपूर्ण सांस्कृतिक पत्रकारिता, जो केवल कुछ चुने हुए विशिष्ट जन के लिए हो और लोकप्रिय पत्रकारिता, जो अपराध, सेक्स, अंधवश्विास और भड़कीलेपन पर आधारित हो और जनसाधारण को न कोई सार्थक दिशा दे, न गहन दृष्टि, केवल उसे मनोरंजन और आत्मवंचना प्रदान करें।

7. निम्नलिखित में से किसी एक सूक्ति का पल्लवन कीजिए- (4)

1. ''तेते पाँव पसारिये, जेती लाँबी सौर''
2. ''साँच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप''

8. अपने आपको रमेश शर्मा, सिविल लाइन्स, बाँसवाड़ा का निवासी मानते हुए ज़िलाधीश, बाँसवाड़ा को एक शिकायती पत्र लिखिए, जिसमें बोर्ड परीक्षाओं के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबन्ध लगाने का उल्लेख हो। (4)

**अथवा**

स्वयं को हेमेंद्र वर्मा, कक्षा-11 का विद्यार्थी मानते हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, श्रीगंगानगर को पाठन शुल्क मुक्ति हेतु एक प्रार्थना-पत्र का प्रारूप लिखिए। (8)

9. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर 300 शब्दों में निबंध लिखिए-

1. आधुनिक यंत्र पुरूप-कम्प्यूटर।
2. यदि मैं महाविद्यालय का प्राचार्य होता।
3. मेरे सपनों का भारत: इक्कीसवीं सदी।
4. महिला सशक्तीकरण: दशा और दिशा
5. बेरोजगारी की समस्या और समाधान।

* * * * *



https://universitynews.in/